https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का

वर्ष : 4 | अंक : 354 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर | ANANTA HOSPITAL

## सार संक्षेप

### मुर्मु ने देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को अपने संदेश में कहा , महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से जैन भाइयों और बहनों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देती हूं। भगवान महावीर के पांच सिद्धांत - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह - हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इन सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए बंद किया एयरस्पेस



**मैड्रिड।** स्पेन ने सैन्य संघर्ष में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस न उपलब्ध करने का फैसला लिया है। निर्णय के अनुसार, स्पेन सैन्य अभियान के लिए भी अपने मिलिट्री बेस का इस्तेमाल नहीं करने देगा। स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गारीटा रोब्लेस ने राजधानी मैड्रिड में पत्रकारों से कहा, 'हम ईरान में युद्ध से जुड़े एक्शन के लिए न तो सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की और न ही एयरस्पेस के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं।' स्पेनिश अखबार एल पेस ने सोमवार को सबसे पहले सैन्य सूत्रों के हवाले से यह खबर दी थी।

### नितिन नवीन ने बिहार विधानसभा की सदस्यता छोड़ी



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। श्री नवीन के इस्तीफे को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने स्वीकार कर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने श्री नवीन के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद संबंधित नियमों का अनुपालन करते हुए उनका इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. कुमार को सौंप दिया।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण कल से होगा शुरू



**नई दिल्ली।** सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र में लोगों के घरों के सूचीकरण का काम एक अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर ली है।जनगणना के प्रथम चरण में अप्रैल से सितंबर के बीच देशभर में सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में घरों की गणना की जाएगी। दूसरे चरण में व्यक्तियों से संबंधी सूचनाओं को एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। सरकार ने जनगणना 2027 के लिए 11178 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया है।

---

राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला

# तेल खरीदने के लिए ट्रंप से लेनी पड़ रही इजाजत

## बोले, भारत की अपनी मर्जी से तेल खरीदने की ताकत खत्म हो गई

**कोट्टायम,** 30 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कोट्टायम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे प्रहार किए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की वजह से भारत की अपनी मर्जी से तेल खरीदने की ताकत खत्म हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत को ईरान या रूस जैसे देशों से तेल खरीदने के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने केरल की एलडीएफ सरकार को भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा और रबर किसानों के लिए बड़े वादे किए। राहुल गांधी ने जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता करके हमारे किसानों के अधिकार छीन लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आधुनिक भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। राहुल ने कहा कि आज भारत अपनी मर्जी से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीद सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मध्य पूर्व के हालातों की वजह से आर्थिक संकट आने वाला है, लेकिन 140 करोड़ लोगों का देश अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद पा रहा है।

### रबर किसानों का मुद्दा भी उठाया

केरल के रबर किसानों का मुद्दा उठाते हुए राहुल गांधी ने एलडीएफ सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एलडीएफ ने 2016 के घोषणापत्र में रबर की कीमत 250 रुपए करने का वादा किया था, जिसे पिछले 10 साल

केरल विधानसभा चुनाव



- केरल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस नेता
- राज्य की एलडीएफ सरकार को भी भ्रष्टाचार पर घेरा

में पूरा नहीं किया गया। राज्य में यूडीएफ की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में रबर की कीमत 250 रुपए तय की जाएगी और बाद में इसे 300 रुपए तक ले जाया जाएगा।

### विजयन पर भी साधा निशाना

राहुल ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, 'केरल के मुख्यमंत्री से कितने घंटे पूछताछ हुई? क्या वह जमानत पर बाहर हैं? जब एलडीएफ नेतृत्व ने सबरीमाला मंदिर से सोना चुराकर उसकी जगह पीतल लगा दिया, तो प्रधानमंत्री इस पर कुछ क्यों नहीं कहते?' उन्होंने कहा कि पीएम खुद को हिंदुत्व का रक्षक बताते हैं, लेकिन इस चोरी पर कुछ नहीं बोलते।

### संसद से भागने का लगाया आरोप

राहुल गांधी ने रैली में यह भी कहा कि बीजेपी और आरएसएस कांग्रेस पार्टी से डरे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि जब वह संसद में अदाणी और अन्य मुद्दों पर बोल रहे थे, तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया और प्रधानमंत्री संसद छोड़कर चले गए। राहुल गांधी ने कहा कि आने वाले महीनों में युद्ध की अस्थिरता के कारण देश के सामने और भी चुनौतियां आने वाली हैं।

### भाजपा ने भी किया पलटवार

#### राहुल के आरोपों को किया खारिज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोपों को भाजपा ने सिरे से खारिज किया है। पार्टी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पीएम मोदी स्पष्ट रूप से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात करते हुए नज़र आ रहे हैं। भाजपा द्वारा जारी वीडियो 23 जनवरी 2026 का है, जब पीएम मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि एलडीएफ की सरकार ने सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

---

# जो हथियार उठाएगा वो साफ हो जाएगा : शाह

## संसद में नक्सल मुक्त भारत पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने किया स्पष्ट

**नई दिल्ली,**
लोकसभा में नक्सल मुक्त भारत पर चर्चा के दौरान सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों के बलिदान को नमन करते हुए नक्सली विचारधारा पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा कि नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं हे। ये एक आइडियोलॉजी है। जिसे 1970 के बाद स्वीकार कर लिया गया। वामपंथी विचारधारा के कारण नक्सलवाद फैला। शाह ने स्पष्ट किया कि जहां भारत 'सत्यमेव जयते' में विश्वास रखता है, वहीं नक्सली 'बंदूक की नली से सत्ता' चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में धारा-370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। अब बस्तर समेत पूरे देश से नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। गृह मंत्री ने कड़ी चेतावनी दी कि लोकतंत्र में हथियार उठाने वालों के लिए कोई जगह नहीं है और जो भी हथियार उठाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

लोकसभा में नक्सलवाद की समस्या का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह समाप्त हो चुका है। शाह ने कहा, 'नक्सलवाद समाप्त होने का पूरा श्रेय अर्धसैनिक बलों, विशेषकर कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, राज्यों की पुलिस और स्थानीय आदिवासियों को जाता है। उन्होंने कहा- बस्तर के हर गांव में एक स्कूल स्थापित करने का अभियान चलाया गया। क्षेत्र के हर गांव में राशन



- बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह समाप्त
- गृह मंत्री ने कहा, ये नरेंद्र मोदी की सरकार है

की दुकान खोलने का अभियान चलाया गया। हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्थापित किए गए हैं। लोगों को आधार कार्ड और राशन कार्ड जारी किए गए हैं और अब उन्हें पांच किलोग्राम अनाज मिल रहा है। उन्होंने कहा- मैं यहां नक्सलवाद का समर्थन करने वालों से बस इतना पूछना चाहता हूं कि आज़ादी के 75 सालों में से 60 साल कांग्रेस के पास सत्ता रही, फिर भी आदिवासी समुदाय आज तक विकास से वंचित क्यों रहे। आदिवासियों को न घर मिले, न साफ पानी, न स्कूल, न मोबाइल टावर और न बैंकिंग सुविधाएं। ये लाभ अब तक लोगों तक क्यों नहीं पहुंचे? बस्तर के लोग इसलिए पीछे रह गए क्योंकि 'लाल आतंक' का साया इस क्षेत्र पर मंडरा रहा था। इसीलिए विकास उन तक नहीं पहुंच पाया। आज वह साया हट गया है और बस्तर अब विकास के पथ पर अग्रसर है। 2014 में परिवर्तन हुआ और मोदी के शासन के अंदर कई सारी बरसों पुरानी समस्या का समाधान हुआ। धारा-370, 35 ए हटा, राम मंदिर बना। सीएए का कानून बना। कई सारे बड़े कारण जो आजादी के वक्त से देश की जनता चाहती थी, वो सारे काम नरेंद्र मोदी के 12 साल में हुए हैं। अब नक्सलवाद से मुक्त भारत की रचना भी मोदी जी के शासन में हुई है।

### मैं तय करके आया हूं, पूरी बात बताऊंगा

चर्चा के दौरान जब विपक्षी दलों ने गृह मंत्री अमित शाह को टोकने की कोशिश की तो उन्होंने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा, 'मुझे उकसाओ मत, मैं आज तय करके आया हूं और पूरी बात बताकर ही जाऊंगा।' शाह ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उद्भव पर सवाल उठाते हुए इसके जन्म को विदेशी धरती से प्रेरित बताया। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि 1921 में चीन में कम्युनिस्ट पार्टी बनी और ठीक उसी समय भारत में भी इसका गठन हुआ। शाह ने आरोप लगाया कि तब रूस की सरकार ने इस पार्टी को स्पॉन्सर किया था। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए पूछा कि जो दल दूसरे देश की प्रेरणा और समर्थन से खड़ा हुआ है, वह भारत का भला कैसे कर सकता है? उन्होंने साफ किया कि इन विचारधाराओं का भारत की मूल जड़ों से कोई लेना-देना नहीं है।

---

# नीतीश ने एमएलसी पद से दिया इस्तीफा



**पटना,** 30 मार्च (एजेंसियां) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद के सभापति को अपना इस्तीफा पत्र भेज दिया। श्री कुमार का इस्तीफा ले कर जदयू के वरिष्ठ नेता संजय गांधी और संजय श्रॉफ बिहार विधान परिषद पहुंचे और इसे परिषद के सभापति को सौंप दिया। इस इस्तीफे के साथ ही श्री कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता छोड़ दी है। इस बीच, बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि राज्य विधानमंडल से इस्तीफा देना, राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद एक 'संवैधानिक आवश्यकता' है, और इस मामले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। श्री चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जब कोई नेता राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो जाता है, तो एक निर्धारित समय सीमा के भीतर उसे विधानसभा या विधान परिषद की अपनी मौजूदा सदस्यता से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने कहा कि यह एक संवैधानिक आवश्यकता है।

---

ईरान के तेल पर अमेरिका की नजर

# खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकता है अमेरिका



### ट्रंप ने दिए संकेत

**वाशिंगटन,** 30 मार्च (एजेंसियां)। पिछले एक महीने से जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान का तेल लेना चाहते हैं और देश के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकते हैं। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज ईरान का तेल लेना है।'

उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला से की, जहां वाशिंगटन जनवरी में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने के बाद कथित तौर पर तेल उद्योग पर लंबे समय तक नियंत्रण रखना चाहता है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का तेल लेने का मतलब होगा खार्ग द्वीप पर कब्जा करना, जिसके जरिए ईरान के 90 प्रतिशत से ज्यादा तेल का निर्यात होता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इस तरह के हमले से हताहतों की संख्या बढ़ने और युद्ध लंबा खिंचने का खतरा है। रिपोर्ट में ट्रंप के हवाले से कहा गया, 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है न करें। हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं।' उन्होंने कहा, 'इसका यह भी मतलब होगा कि हमें वहां कुछ समय तक रहना पड़ेगा। 'राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि उनका मानना है कि द्वीप पर ईरान की सुरक्षा व्यवस्था बहुत कम या बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम बहुत आसानी से इस पर कब्जा कर सकते हैं।' ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है।

### ईरान की अमेरिका को कड़ी चेतावनी

**जमीनी हमले का करारा जवाब देंगे**

**वाशिंगटन।** ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है, तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेहरान के यूरेनियम पर कब्जा करने के लिए एक जोखिम भरे सैन्य अभियान पर विचार कर रहे हैं और क्षेत्रीय ताकतें संघर्ष को रोकने के लिए बातचीत पर जोर दे रही हैं। यह ऐसा समय है जब हालात और बिगड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

---

# चुनाव बाद गैस-कैश बंद कर देगी भाजपा : ममता

**कोलकाता,** 30 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेलदा में आयोजित एक बड़ी चुनावी रैली में भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने जनता को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही बजेपी गैस और कैश जैसी सुविधाएं देना बंद कर देगी। रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा की नीतियां आम लोगों के हित में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब एक सोची-समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है, ताकि चुनाव के दौरान लोगों को लुभाया जा सके।

बंगाल चुनाव



- समाज को बांटने का लगाया आरोप

### सोच-समझकर फैसला लें

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे बीजेपी के बहकावे में न आएं और सोच-समझकर फैसला लें। उन्होंने कहा कि बीजेपी सत्ता हासिल करने के लिए लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है और चुनाव के बाद अपने वादों से मुकर जाएगी।

---

# बंगाल व तमिलनाडु चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

## तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा

**कोलकाता,** 30 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।





- बंगाल में 23 को पहले चरण का मतदान

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है।

नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी।

### बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 को


विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है।

---

# डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 95 पार

## डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार कमजोरी देखी जा रही

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए ने सोमवार को पहली बार 95 के स्तर को पार 95.2 का नया लो बनाया है। हालांकि, दिन के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 94.83 के स्तर पर बंद हुआ, जो कि शुक्रवार के बंद 94.81 से 0.3 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों के लिए ओवरनाइट नेट ओपन पॉजिशन लिमिट को



घटाकर 100 मिलियन डॉलर करने के बाद, रुपया मजबूती के साथ खुला था, लेकिन सत्र के दौरान इसने अपनी बढ़त खो दी और शुरुआती स्तर से 160 पैसे गिर गया।

### मार्च में 4.4 फीसदी की गिरावट

मध्य पूर्व में तनाव के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार कमजोरी देखी जा रही है और अकेले मार्च में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा ने 4.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

---

अंतरिक्ष | *कल लॉन्च होगा नासा का आर्टेमिस-2 मिशन*

# 54 साल बाद चांद का चक्कर लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने अपने 'आर्टेमिस-2' मिशन के लॉन्च के लिए सभी अंतिम तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह मिशन 1 अप्रैल को कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के लिए तैयार है। नासा के अनुसार, यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत पहला ऐसा मिशन होगा जिसमें इंसानों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।**

इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री लगभग 10 दिन की यात्रा पर चंद्रमा के चारों ओर जाएंगे। 1972 के बाद पहली बार चंद्रमा के पास जाएंगे। 'आर्टेमिस-2' मिशन खास इसलिए भी है क्योंकि अपोलो कार्यक्रम के बाद पहली बार इंसान लो-अर्थ ऑर्बिट से बाहर यानी पृथ्वी की निचली कक्षा से परे यात्रा करेंगे।

इस मिशन में नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच शामिल हैं। इनके साथ कनाडा की स्पेस एजेंसी के



अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन भी इस मिशन का हिस्सा होंगे। इस मिशन को नासा के स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा और इसमें ओरियन स्पेसक्राफ्ट के लाइफ-सपोर्ट

- 10 दिन की यात्रा पर जाएंगे चार अंतरिक्ष यात्री
- अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पूरी की तैयारियां

सिस्टम को पहली बार इंसानों के साथ टेस्ट किया जाएगा। नासा ने बताया कि लॉन्च के दिन मौसम अनुकूल रहने की संभावना है और लगभग 80 प्रतिशत तक परिस्थितियां सही रह सकती हैं, हालांकि बादल और तेज हवाएं कुछ चुनौती पैदा कर सकती हैं। लॉन्च के बाद यह स्पेसक्राफ्ट पहले पृथ्वी की उच्च कक्षा में यात्रा करेगा और फिर 'फ्री-रिटर्न ट्रैजेक्टरी' के जरिए चंद्रमा के दूर वाले हिस्से का चक्कर लगाकर वापस पृथ्वी पर लौट आएगा।

### नया रिकॉर्ड भी बना सकते हैं

इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूरी तय करने का नया रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड अपोलो 13 मिशन के नाम था।

# आज पूरा देश कर रहा संकट का सामना : कांग्रेस

## केंद्र सरकार से पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर संसद में चर्चा करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर चर्चा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर बहस का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि पूरा देश संकट का सामना कर रहा है। आप सभी जानते हैं कि आज पेट्रोल व गैस सिलेंडर की कीमतें कितनी बढ़ गई हैं। स्थिति कठिन है, और अन्य संकट भी उभर रहे हैं। इसलिए, हम इस पर चर्चा चाहते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमें एक रहना चाहिए लेकिन भाजपा के लोग देश में गलतफहमी फैला रहे हैं।

### पश्चिम-एशिया संघर्ष को लेकर स्पष्ट रणनीति पेश करे केंद्र सरकार

कांग्रेस सांसद ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्ट रणनीति पेश करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में लोगों की जान खतरे में है, क्योंकि लगातार बमबारी हो रही है। ऐसे में सरकार को यह बताना चाहिए कि प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए क्या योजना बनाई गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि युद्ध जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है। इस मामले में पूरा देश एकजुट है और सभी की प्राथमिकता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर हम सब एकजुट रहें, भाजपा ने फैलाई गलतफहमी : प्रियंका गांधी

नागरिकों की सुरक्षा होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि एकजुटता का मतलब यह नहीं है कि समस्याओं पर सवाल न उठाए जाएं। संसद में इस विषय पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए, ताकि सभी दल मिलकर समाधान खोज सकें। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ रहा है, संकट भी गहराता जा रहा है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह समय रहते ठोस कदम उठाए और देश को भरोसा दिलाए कि हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विपक्ष की ओर से चर्चा की मांग को इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। पश्चिम एशिया के हालात के साथ-साथ प्रियंका गांधी ने देश के भीतर बढ़ती महंगाई का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अब गैस सिलेंडर खरीदना कठिन होता जा रहा है, जिसका सीधा असर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि महंगाई जैसे मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए और ठोस नीतियां बनाई जाएं। प्रियंका गांधी ने कहा कि संसद में खुली चर्चा से न केवल समस्याओं को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है बल्कि सभी पक्षों के सुझावों से प्रभावी समाधान भी निकाला जा सकता है। उन्होंने दोहराया कि देशहित के मुद्दों पर सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए, ताकि देश और उसके नागरिकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की जा सके। कांग्रेस सांसद ने वहीं केरल की राजनीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों पर तीखा हमला बोला।

राज्य की जनता राजनीतिक गठबंधनों के पीछे की सच्चाई से भली-भांति परिचित है। केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल में गुप्त गठबंधन के प्रधानमंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य की जनता राजनीतिक वास्तविकताओं से भली-भांति परिचित है। उन्होंने कहा कि पूरा केरल जानता है कि गठबंधन किसके बीच छिपा है। केरल में हर कोई वाकिफ है। प्रधानमंत्री चाहे कुछ भी कहें, केरल सच्चाई जानता है, और जनता भी सच्चाई जानती है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने भाजपा के बयान पर सवाल उठाया और सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चे और भाजपा के बीच गुप्त मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि किसके साथ दीर्घकालिक संबंध हैं, और गुप्त मिलीभगत ही मुख्य प्रश्न है। केरल में एलडीएफ और यूडीएफ आपस में लड़ते हैं, और हम सभी जानते हैं कि चुनाव के समय एलडीएफ भाजपा के साथ गुप्त मिलीभगत करता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद के. सुरेश ने विश्वास जताते हुए दावा किया कि राज्य में चुनावी माहौल यूडीएफ के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि केरल चुनाव का माहौल यूडीएफ के पक्ष में है। यूडीएफ जीतेगा। 140 में से 100 सीटें हम जीतने वाले हैं।

कांग्रेस नेताओं की यह टिप्पणियां प्रधानमंत्री मोदी के केरल दौरे के एक दिन बाद आई हैं, जहां उन्होंने आरोप लगाया था कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही राज्य की जनता को निराश कर चुके हैं और राजनीतिक बदलाव का आह्वान करते हुए कहा था कि केरल बदलाव के लिए तैयार है।

### पश्चिम एशिया युद्ध में पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता करना भारत की विफलता : इमरान मसूद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता जैसी चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान मध्यस्थता करता है तो ये हमारी विफलता होगी, क्योंकि ये काम भारत को करना चाहिए। उन्होंने भारतीय जहाजों के होर्मुज से सुरक्षित निकलने पर भी जवाब दिया। इमरान मसूद ने कहा कि अगर वो (पाकिस्तान) भूमिका निभाता है तो यह हमारी विफलता होगी। यह काम तो भारत का था। भारत इस भूमिका के अंदर रह सकता था और भारत इस भूमिका में रहता, अगर हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने बेंजामिन नेतनयाहू का मेडल ना पहना होता। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि हम लोग एक तरफ खड़े हो गए। यह काम हमारा नहीं था। हम गुटनिरपेक्ष थे। आपने अपने आपको एक साइड में खड़ा कर लिया, तो उसके नतीजे भुगत रहा है। आपने ईरान के सुप्रीम लीडर के मारे जाने पर एक शब्द नहीं बोला।

## संसद से

### ईरान पर छाए धुएं के भारत पर असर के अध्ययन को विशेषज्ञों की समिति का हो गठन : संजय राउत

ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर अमेरिका और इजरायल की बमबारी से लगी आग से उठे जहरीले धुएं के भारत पर असर की आशंका का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किए जाने की मांग राज्यसभा में की गई। शिवसेना उद्धव के संजय राउत ने शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ईंधन की समस्या पैदा हो गई है।

### देश में दस हजार पर्यटक गाइडों को प्रशिक्षण का फिलहाल प्रस्ताव कोई नहीं : शेखावत

सरकार ने कहा है कि देश में दस हजार पर्यटक गाइडों को प्रशिक्षित करने का विचार वित्त मंत्रालय के बजट से आया है लेकिन उनके मंत्रालय में अभी इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में दस हजार से ज्यादा गाइड को प्रशिक्षित करने की बात बजट में की है लेकिन अभी वह शुरुआती दौर में है।

### बीजू पटनायक पर निशिकांत की टिप्पणी के विरोध में बीजद का रास से बहिर्गमन

बीजू जनता दल ने ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे की टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है और इसे शर्मनाक बताते हुए इसके विरोध में सोमवार को राज्यसभा से बहिगर्मन किया। बीजद के सदन में नेता सस्मित पात्रा ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद शून्यकाल शुरू होते ही यह मामला उठाया।

### कौशल विकास पर ध्यान दे रही सरकार : जयंत

सरकार ने कहा है कि वह कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और इसके काम के अनुसार लक्षित कर युवा ऑन का कौशल विकास किया जा रहा है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में कहा कि लघु और मध्यम उद्यम के साथ मिलकर कौशल विकास के लिए सरकार मिलकर काम कर रही है और पीएम सेतु में एसएमएसई को लक्ष्य कर युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है।

### जल जीवन मिशन में खाना पकाने, पीने के लिए दस लीटर पानी अलग से देने की योजना

सरकार ने कहा कि जल जीवन मिशन में 55 लीटर प्रति व्यक्ति साफ पानी देने के अलावा खाना पकाने और पीने के लिए दस लीटर पानी अलग देने की योजना है। जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने राज्यसभा में कहा कि जल जीवन मिशन में प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी देने की कोशिश है ताकि किसी को आर्सेनिक या फ्लोराइड युक्त पानी न पीना पड़े। साथ ही अलग से 10 लीटर पानी खाना पकाने और पीने के लिए देने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा सदस्य ने ओबीसी में मुस्लिम आरक्षण पर उठाया सवाल

भाजपा सदस्य डॉक्टर के. लक्ष्मण ने कर्नाटक, पश्चिम बंगाल केरल और तमिलनाडु में मुस्लिम समुदाय की जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में आरक्षण देने का विरोध करते हुए राज्यसभा में सरकार से इसकी समीक्षा करने की मांग की वहीं विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। डॉ. के. लक्ष्मण ने शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, केरल व तमिलनाडु में मुस्लिम समुदाय की जातियों को ओबीसी के तहत आरक्षण दिया जा रहा है जो सामाजिक न्याय तथा संविधान के तहत ओबीसी समुदाय को दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है।

### कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर संवेदनशीलता से किया जा रहा हैं काम : निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि कर्मचारी पेंशन निधि के तहत पेंशन पाने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इस योजना के तहत पेंशन बहुत कम है व इस मामले में उनसे बराबर प्रतिनिधिमंडल मिलने भी आते हैं। उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी है और इस पर सरकार गंभीरता से तथा संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

### नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम कल से लागू होंगे : कीर्ति वर्धन सिंह

चक्रीय अर्थव्यवस्था और विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों को एकीकृत करते हुए, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स एक अप्रैल से लागू होंगे, जिनमें इफिसिएंट वेस्ट सेग्रीगेशन एंड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह जानकारी लोस को दी गई। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत सॉलिड वेस्ट को स्रोत पर ही चार भागों में अलग करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इन नियमों के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सभी चरणों की ऑनलाइन ट्रैकिंग व निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम में संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई k

### कविंदर ने राष्ट्रपति मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल पद संभालने के बाद राष्ट्रपति के साथ यह उनकी पहली मुलाकात थी।

## पेज एक का शेष

### जो हथियार उठाएगा...

अमित शाह ने कहा, 'यह हमारी सरकार की नीति है। बातचीत केवल उन्हीं से की जाएगी जो अपने हथियार डाल देंगे। जो गोलियों का इस्तेमाल करेंगे, उन्हें गोलियों से जवाब दिया जाएगा।'

अमित शाह ने नक्सलवाद की जड़ पर प्रहार करते हुए बड़े सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जो आदिवासी बिरसा मुंडा को अपना नायक मानता था, वह अचानक माओ का अनुयायी कैसे बन गया? नक्सलियों ने किस कानून के तहत निर्दोष ग्रामीणों को 'मुखबिर' बताकर सरेआम फांसी पर लटकाया? उन्होंने खुलासा किया कि छत्तीसगढ़ के जंगलों में नक्सलियों ने अपनी समानांतर सरकार चला रखी थी, जहाँ उनके अपने 'गृह मंत्री' और 'आपूर्ति मंत्री' होते थे। नक्सलियों ने चुनाव और लोकतंत्र को इसलिए रोका ताकि वे अपना वर्चस्व बनाए रख सकें, लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि अमित शाह ने एक साल पहले घोषणा थी कि 31 मार्च 2026 को देश से नक्सलवाद के अंत की तारीख होगी।

### अभियान पर अमित शाह ने दिए कुछ प्रमुख आंकड़े

**406 नए कैंप**- पिछले कुछ वर्षों में नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले इलाकों (जैसे अबूझमाड़) में सुरक्षा बलों के 406 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए गए हैं।

**68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड**- रात में ऑपरेशन करने और घायल जवानों को तुरंत निकालने के लिए 68 अत्याधुनिक हेलीपैड बनाए गए हैं।

**400 बुलेटप्रूफ वाहन** - जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 400 नए बुलेटप्रूफ वाहन तैनात किए गए हैं।

**5 समर्पित अस्पताल**- घायल सुरक्षाकर्मियों के त्वरित और बेहतर इलाज के लिए 5 विशेष अस्पताल बनाए गए हैं।

**706 नक्सली मारे गए**- विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक 706 नक्सलियों को ढेर किया गया है।

**2218 गिरफ्तार**- सुरक्षा बलों ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2218 नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**4839 आत्मसमर्पण**- सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 4839 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

# नीतीश के राज में बिहार बना महाजंगलराज

## बिहार की कानून व्यवस्था पर विधायक भाई वीरेंद्र ने उठाए सवाल

**पटना,** 30 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भाई वीरेंद्र ने बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि सीएम नीतीश कुमार के राज में बिहार में जंगलराज चल रहा था, कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद ही खराब थी। राजद विधायक भाई वीरेंद्र का यह बयान उस वक्त आया है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के बाद सोमवार को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पटना में राजद विधायक ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में बहुत समय तक राजनीति की। 20 साल तक मुख्यमंत्री रहे हैं और अभी राज्यसभा के सदस्य बने हैं। अब वह चारों सदन के सदस्य बन चुके हैं। उनसे पहले पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव चारों सदन के सदस्य रहे हैं। नीतीश कुमार की भी इच्छा थी कि चारों सदन के सदस्य रहें, राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने पर उनकी यह इच्छा भी पूरी हो गई है। राजद विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा को फैलने का मौका दिया, यही वजह है कि एक सीएम को राज्यसभा जाना पड़ रहा है। सीएम के साथ जो हो रहा है वो होना था, यह तय था।



नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा को फैलने का मौका दिया, यही वजह है कि एक मुख्यमंत्री को राज्यसभा जाना पड़ रहा है : भाई वीरेंद्र

### परिवारवाद का किया जिक्र

राजद विधायक ने परिवारवाद का जिक्र करते हुए कहा कि लंबे समय तक परिवारवाद पर प्रहार करने वाले नीतीश कुमार अपने बेटे को राजनीति में ले आए हैं, अब वे परिवारवाद पर तो शायद नहीं बोलेंगे। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर राजद विधायक ने कहा कि भाजपा वहां पर सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी तरह से कोई भी हथकंडा अपना सकती है।

### भाजपा के दबाव में नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया : तारिक अनवर



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के बाद सोमवार को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। नीतीश के इस्तीफे पर कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने तंज कसा है और कहा कि यह इस्तीफा स्वयं नीतीश कुमार ने अपनी इच्छा से नहीं दिया है, बल्कि भाजपा ने सीएम पर दबाव बनाया, जिसके चलते उन्हें आखिरकार इस्तीफा देना पड़ा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि नीतीश कुमार का इस्तीफा जरूरी था। क्योंकि, यह तो संविधान का प्रावधान है कि अगर आप दो सदन के सदस्य हैं तो निश्चित समय पर आपको एक सदन से इस्तीफा देना होता है।

# स्टालिन ने कोलाथुर से किया नामांकन

## डीएमके गठबंधन की जीत का भरोसा जताया



**चेन्नई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने विधानसभा चुनाव के लिए कोलाथुर सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वे इस सीट से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग ने तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य में 23 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा। हर निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन के लिए पूरी प्रक्रिया को सही तरीके से कराने के लिए कड़ी सुरक्षा भी रखी गई है। स्टालिन कोलाथुर क्षेत्र के पेपर मिल्स रोड स्थित चुनाव कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री शेखर बाबू और अन्य नेताओं की मौजूदगी में रिटर्निंग अधिकारी एस. शांति को अपने कागजात सौंपे। उनके नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक वहां मौजूद रहे। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाला गठबंधन चुनाव जरूर जीतेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि मुकाबला कितना भी कड़ा क्यों न हो, जीत उनकी ही होगी। तमिलनाडु की जनता एक बार फिर हमारी सरकार पर भरोसा जताएगी।

### स्टालिन ने की पुस्तिका जारी

अपनी सरकार के काम दिखाने के लिए स्टालिन ने एक पुस्तिका भी जारी की। इसमें कोलाथुर क्षेत्र में उनकी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसका उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। स्टालिन ने कहा कि आने वाले चुनाव में डीएमके गठबंधन 200 से ज्यादा सीटें जीत सकता है। इससे साफ है कि पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।

# भगवान महावीर की शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक : ओम बिरला

## महावीर जयंती की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली,**
लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में बिरला ने कहा जय जिनेन्द्र। समस्त संसार को अहिंसा, दया, क्षमा और करुणा का संदेश देने वाले, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। आप सभी को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। हजारों साल पहले भगवान महावीर स्वामी ने जो शिक्षाएं दी थी, वो आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने शांति, अहिंसा और परोपकार का संदेश दिया। हर एक जीव के प्रति प्रेम और दया का संदेश दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शांति और अहिंसा के उनके आदर्श आज भी पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक हैं। भगवान महावीर ने आध्यात्म को त्याग से जोड़ा था। अपने शरीर को भले ही कष्ट हो जाए लेकिन दूसरे प्राणियों को कष्ट ना हो। भगवान महावीर और जैन धर्म ने यह परोपकारी दर्शन संसार को दिया। हमारे देश के साथ ही सम्पूर्ण मानवता भगवान महावीर के दर्शन और संदेशों से प्रभावित रही है। हम सब उनकी महान शिक्षाओं को जानें, भगवान महावीर के बारे में पढ़ें, उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। आप सभी को एक बार फिर महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।

## आयोजन — महावीर जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात दौरा आज

# 19,800 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

**गांधीनगर, 30 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात की यात्रा पर आएंगे। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री वाव-थराद से भारत सरकार तथा गुजरात सरकार के कुल मिलाकर 19,806.9 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें भारत सरकार के ऊर्जा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा रेलवे मंत्रालयों के 10,921 करोड़ रुपए और गुजरात सरकार के शहरी विकास।**

जल संसाधन, जलापूर्ति, सड़क एवं भवन, जीआईडीसी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पर्यटन तथा आदिजाति विकास विभागों के 8,886 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। वाव-थराद में आयोजित इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित भारत एवं गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के कोबा तीर्थ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि कच्छ



■ सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन तथा दूसरे कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे प्रधानमंत्री

जिले के खावड़ा में विश्व का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) पार्क निर्माणाधीन है। आगामी 31 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी खावड़ा के आरई पार्क के लिए ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 3,645 करोड़ रुपए की लागत वाले तीन प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इन प्रोजेक्ट्स द्वारा हजारों मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का राष्ट्रीय ग्रिड के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके कारण हरित ऊर्जा की व्यापकता तथा ऊर्जा सुरक्षा मजबूत बनेगी। इसके अलावा, भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अंतर्गत इडर-बारडोली बाईपास फोर लेन रोड (705 करोड़ रुपए की लागत से) और धोळावीरा-मौवाणा-वोवा-सांतलपुर सेक्शन (575 करोड़ रुपए की लागत से) का शिलान्यास तथा अहमदाबाद-धोलेरा पैकेज 1 (1,298 करोड़ रुपए की लागत से), पैकेज 2 (1,415 करोड़ रुपए की लागत से), पैकेज 3 (1,034 करोड़ रुपए की लागत से) और पैकेज 4 (1,358 करोड़ रुपए की लागत से) का लोकार्पण किया जाएगा। भारत सरकार के रेल मंत्रालय के 891 करोड़ रुपए के भी प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें हिंमतनगर-खेडब्रह्मा ब्रॉडगेज लाइन, गांधीधाम-आदिपुर के बीच क्वाड्रपलिंग तथा राजकोट-कालानुस डबलिंग प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में कालानुस-जामनगर डबलिंग जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसी प्रकार खेडब्रह्मा-हिंतमनगर-असारवा ट्रेन को खेडब्रह्मा से हरी झंडी दिखाई जाएगी। कुल मिलाकर भारत सरकार के इन तीन मंत्रालयों के 10,921 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा।

आगामी 31 मार्च को मोदी गुजरात सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत 8,886 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इनमें शहरी विकास विभागांतर्गत सर्वाधिक 5,295.5 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास किया जाने वाला है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

## कुराबड़ ज्वेलरी चोरी का खुलासा, 30 किलो चांदी बरामद, तीन आरोपी अब भी फरार

# 1.80 करोड़ की ज्वेलरी चोरी का खुलासा, एसपी डॉ. दूहन की कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार, 30 किलो चांदी बरामद

## महिलाओं के भेष में करते थे रैकी, पक्षियों की आवाज में बनती थी साजिश

**पल पल राजस्थान**

**उदयपुर।** कुराबड़ थाना क्षेत्र में हुई प्रदेश की चर्चित ज्वेलरी चोरी का उदयपुर पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस सनसनीखेज वारदात में बदमाशों ने मोहित ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 1.80 करोड़ रुपए कीमत के 100 किलो चांदी और 200 ग्राम सोना चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 किलो चांदी बरामद कर ली है, जबकि गिरोह के तीन अन्य सदस्य अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ.अमृता दूहन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शिवा उर्फ शिवलाल कंजर, कालूलाल कंजर और महेंद्र कंजर शामिल हैं, जो चित्तौड़गढ़ जिले के विजयपुर के निवासी हैं। तीनों आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। शिवा पर 5, कालूलाल पर 8 और महेंद्र पर 16 मुकदमे दर्ज होना इनके आपराधिक नेटवर्क की गहराई को दर्शाता है। पुलिस को पूछताछ में कई और वारदातों के खुलासे की उम्मीद है। जांच में सामने आया कि इस पूरी वारदात को 6 बदमाशों ने मिलकर बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। फरार आरोपियों में अर्जुनए रामचंद्र और कुंदन शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद चोरी की पूरी ज्वेलरी और नेटवर्क का बड़ा हिस्सा सामने आ सकता है।



### जंगल में डेरा डालकर किया ऑपरेशन

इस पूरे ऑपरेशन में गोवर्धन विलास थाने के एएसआई मनोहर सिंह और प्रहलाद पाटीदार की भूमिका बेहद अहम रही। दोनों अधिकारियों ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए 4 से 5 दिन तक लगातार जंगलों में डेरा डालकर कैंप किया। कठिन परिस्थितियों में रहकर उन्होंने स्थानीय इनपुट जुटाए और आरोपियों की मूवमेंट पर नजर रखी। लगातार निगरानी और सटीक रणनीति के चलते पुलिस ने सही समय पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी इस जमीनी मेहनत ने केस सुलझाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

### बाकी आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार

एसपी डॉ. अमृता दूहन ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और समन्वय का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताया कि फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और चोरी गई पूरी ज्वेलरी बरामद की जाएगी। इस खुलासे के साथ उदयपुर पुलिस ने साफसंदेश दिया है कि अपराधी चाहे कितनी भी चालाकी से वारदात को अंजाम दें, कानून की पकड़ से बच पाना आसान नहीं है।

### फिल्मी स्टाइल में वारदात, पुलिस भी चौंकी

इस गिरोह का तरीका बेहद अलग और चौंकाने वाला था। आरोपी वारदात से पहले कई दिनों तक इलाके की रेकी करते थे। रात के समय बाइक से गांव-कस्बों में पहुंचते और पहचान छिपाने के लिए महिलाओं के कपड़े पहन लेते थे। इससे वे आसानी से लोगों की नजरों से बच जाते थे। खास बात यह रही कि ये मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे, ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके। आपस में बातचीत के लिए पक्षियों की आवाजों जैसे कोड वर्ड इस्तेमाल करते थे। वारदात के दौरान आरोपी धारदार हथियार साथ रखते थे और सुनसान मकान या दुकान को निशाना बनाते थे। पूरी प्लानिंग इतनी सटीक होती थी कि मौके पर कोई सबूत न बचे।

### सीसीटीवी तोड़े, डीवीआर ले गए, फिर भी पकड़े गए

15 मार्च की रात बदमाशों ने कुराबड़ के सदर बाजार स्थित मोहित ज्वेलर्स को निशाना बनाया। दुकान बंद होने का फायदा उठाकर ये अंदर घुसे और 100 किलो चांदी व 200 ग्राम सोना कट्टों में भरकर फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने दुकान के सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी साथ ले गए, ताकि कोई सबूत न बचे। हालांकि बदमाशों की यह चाल पूरी तरह सफल नहीं हो सकी। बाजार के रास्ते में लगे एक अन्य दुकान के सीसीटीवी कैमरे में 6 नकाबपोश बदमाशों की गतिविधियां कैद हो गईं। यही फुटेज पुलिस के लिए सबसे अहम सुराग साबित हुई।

# उदयपुर कोर्ट को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी

**उदयपुर।** उदयपुर कोर्ट को एक साथ 5 बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। सुरक्षा के चलते पुलिस ने पूरे कोर्ट परिसर को तुरंत खाली कराया। पुलिस और बम स्कवायड टीमों ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। हालांकिए जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस. प्रशासन ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसारए जिला एवं सेशन न्यायधीश के ऑफिस की मेल आईडी पर सोमवार सुबह 6.32 बजे यह मेल आया। उसमें लिखा था कि कोर्ट परिसर में दोपहर 1 बजे एक साथ 5 बम ब्लास्ट होंगे। सुबह ऑफिस खुलने पर जब कर्मचारियों ने मेल देखा तो जिला एवं सेशन न्यायधीश को बताया। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर को खाली करवाया और सर्चिंग शुरू की। सोमवार होने की वजह से कोर्ट में काफी भीड थी, वकील अपनी फाइलों के साथ तैयार थे और लोग अपनी पेशी का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में अचानक पुलिस के मूवमेंट से






सब लोग घबरा गए। अचानक पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने एक.एक कर वकीलों और वहां आए सभी लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। हालांकि पुलिस ने बाद में सबको बताया कि ई.मेल पर दोपहर के समय कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस कारण कोर्ट परिसर को खाली करवाया। कुछ ही मिनटों में कोर्ट रूम से लेकर बरामदे तक सन्नाटा पसर गया और लोग बाहर सडकों पर जमा हो गए। जैसे ही लोग बाहर निकलेए वहां पुलिस के बडे अधिकारी और बम स्कॉयड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस का भारी जाब्ता और कमांडो स्टाइल में हो रही हलचल को देख वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कंप गया। पुलिस के आला अधिकारियों और बम स्कॉयड की टीम ने तुरंत कोर्ट के अलग-अलग हिस्सों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। कोर्ट के कमरों से लेकर कैंटीन और पार्किंग एरिया तकए हर कोने को बारीकी से खंगाला गया। एटीएस की टीम ने भी संदेहास्पद जगहों पर अपनी जांच की।

पुलिस ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके को घेर लिया और बारीकी से सर्चिंग की। हालांकि, टीमों को कही भी कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### फिल्म निर्माता भट्ट के फ्रीज खातों पर हाईकोर्ट सख्त

# पूरे अकाउंट ब्लॉक करना गलत, सिर्फ विवादित राशि तक ही रोक

**उदयपुर।** जोधपुर हाईकोर्ट ने फिल्म निर्माता श्वेतांबरी विक्रम भट्ट और विक्रम प्रवीण भट्ट के बैंक खातों को फ्रीज करने के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि जांच एजेंसी के निर्देश पर पूरे बैंक खाते को ब्लॉक करना अनुचित है और यह कार्रवाई केवल विवादित राशि तक सीमित होनी चाहिए। न्यायमूर्ति फरजंद अली की अदालत में 19 मार्च को सुनवाई हुई थी, जिसका आदेश 28 मार्च को जारी किया गया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि बैंक खाते के डेबिट संचालन पर रोक केवल उसी राशि तक लगाई जा सकती है, जो जांच के दायरे में विवादित हो। यह मामला उदयपुर निवासी डॉ. अजय मुरडिया द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें भट्ट दंपती पर करीब 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसारए फिल्मों के निर्माण के लिए हुए व्यावसायिक समझौते के तहत बड़ी राशि निवेश की गईए लेकिन तय प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए



और फर्जी बिलों के जरिए रकम के गबन का आरोप लगाया गया। मामले में उदयपुर पुलिस के निर्देश पर बैंकों ने भट्ट दंपती के सभी खातों को पूरी तरह फ्रीज कर दिया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि इससे उनका पूरा आर्थिक जीवन ठप हो गयाकृवे दैनिक खर्च, कर्मचारियों का वेतन, कर्ज की किस्तें और अन्य जरूरी भुगतान तक नहीं कर पा रहे थे। कोर्ट ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बिना पर्याप्त आधार के पूरे खाते को फ्रीज करना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 19 व्यवसाय की स्वतंत्रताद्ध का उल्लंघन है। अदालत ने इसे असाधारण उपाय बताते हुए कहा कि इसका उपयोग बेहद सावधानी और कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि लगभग 30 करोड़ रुपए की विवादित राशि तक ही डेबिट संचालन पर रोक रहे। इसके अलावा खातों को सभी वैध लेनदेन के लिए चालू रखा जाए। साथ ही संबंधित बैंकों- एचडीएफसी और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भट्ट दंपती के खातों को तुरंत डी-फ्रीज करने के निर्देश दिए गए।

## कुएं में डूबने से युवती की मौत, दादी के साथ खेत गई थी, अचानक लगा दी छलांग

**उदयपुर।** जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवती की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान वर्षा मंदावत के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 8 साल से मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे वर्षा अपनी दादी के साथ घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत पर गई थी। दादी भैंस का दूध निकालने में व्यस्त थीए इसी दौरान वर्षा चुपचाप कुएं के पास पहुंची और अपनी चप्पल उतारकर उसमें कूद गई। कुछ देर बाद जब दादी ने उसे आसपास नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की। कुएं के पास उसकी चप्पल पड़ी मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रस्सियों की मदद से युवती को बाहर निकालने की कोशिश की और कुएं का पानी मोटर से निकालने का भी प्रयास कियाए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही उदयपुर से नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम कानोड़ पहुंची। करीब सुबह 10 बजे टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवती के शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को कानोड़ के सरकारी अस्पताल में रखवाया गया है, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## उदयपुर में पहली बार रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन तकनीक पर पिम्स हॉस्पिटल में सीएमई और वर्कशॉप का आयोजन

**पल पल राजस्थान**

**उदयपुर।** पेन मैनेजमेंट एवं स्पाइन इंटरवेंशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हॉस्पिटल, उमरड़ा में मिनिमल इनवेसिव पेन एंड स्पाइन इंटरवेंशन पर सीएमई एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन का नेतृत्व ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ.कमलेश शेखावत एवं ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ.अनिल भीवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिम्स हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. सुरेश चंद्र गोयल एवं डॉ. सुनंदा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें 100 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों एवं



अन्य डॉक्टरों की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता इंडियन एकेडमी ऑफ पेन मेडिसिन के रजिस्ट्रार डॉ. पंकज सुरंगे एवं इंडियन जर्नल ऑफ पेन के एडिटर.इन.चीफ डॉ. गौरव शर्मा ने मिनिमल इनवेसिव पेन एंड स्पाइन इंटरवेंशन तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी इंटरवेंशनल तकनीकों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर पिम्स चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने कहा कि पिम्स हॉस्पिटल में आधुनिक एवं मिनिमल इनवेसिव तकनीकों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन जैसी उन्नत प्रक्रियाओं से क्रॉनिक पेन से पीड़ित मरीजों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में पेन मैनेजमेंट सेवाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अकादमिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा तकनीकों से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। वर्कशॉप में रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन के सिद्धांत, फ्लोरोस्कोपिक स्पाइन एनाटॉमी, फेसेट जॉइंट्स और जेनिकुलर नर्व आरएफए के साथ-साथ केस डिस्कशन एवं लाइव डेमो के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# कृषि यंत्र वितरण से किसानों को मिला आधुनिक खेती का सहारा : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक महाविद्यालय स्कूल ऑफ ऐग्रीकल्चरल साइंसेज के सभागार में भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद की अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत महिला कृषकों के लिए कृषि प्रदर्शन दिवस एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक महिला कृषकों ने भाग लिया। अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत 150 महिला कृषकों को तिरपाल, 75 महिला कृषकों को हाथ से चलने वाली सिलाई मशीन, सामुदायिक



उपयोग हेतु एक कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण यंत्र, जनजातीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 65 वर्मी खाद बैग, फावड़े, उत्कृष्ट किस्मों के बांस पौधे, 6 स्प्रिंकलर सेट तथा 6 झाड़ी काटने की मशीनों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। इन यंत्रों के माध्यम से खेती के कार्यों को आसान बनाने के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों को आधुनिक तकनीक एवं संसाधनों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी खेती को अधिक उन्नत और लाभकारी बना सकते हैं। महिला कृषकों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इन्हेकृषि के साथ कौशल एवं उद्यमिता को जोड़ना समय की आवश्यकता है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत, विशिष्ट अतिथियों हैदराबाद के तिलहनी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अजीज कुरैशी, डॉ. जी. सुरेश, जोधपुर के जिला न्यायाधीश युवराज सिंह, प्रो. गजेन्द्र माथुर ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रारंभ में नोडल अधिकारी प्रो. इन्द्रजीत माथुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

PIMS

NABH H-2024-1402 | MC-7931 | ISO 9001:2015



त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के शाश्वत प्रतीक

# भगवान महावीर जयंती

की हार्दिक शुभकामनाऐं



# पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा

## सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल



डॉ. अतुल मिश्रा – पिडियाट्रीक सर्जन
डॉ. महेश जैन – इन्टरवेशनल कॉर्डियोलोजिस्ट
डॉ. एम.पी. अग्रवाल – प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
डॉ. कौशल कुमार गुप्ता – युरोलॉजिस्ट
डॉ. अनुराग पटेरिया – न्यूरोसर्जन
डॉ. साहिल परमार – गेस्ट्रोएन्ट्रोलोजिस्ट
डॉ. विवेक रावत – कॉर्डियो-थॉयरोयेक एवं वेसक्युलर सर्जन
डॉ. एन.के. गुप्ता – जनरल मेडिसिन



डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा – जनरल सर्जरी
डॉ. एल.एन मीणा – ऑथोपेडिक
डॉ. नितिन सिंह – ऑप्थलमोलोजिस्ट
डॉ. विक्रम सिंह राठौड़ – ईएनटी
डॉ. जय.एम. शेठ – गॉयनोकोलिजिस्ट
डॉ. सनिध्या टांक – टीबी एण्ड चेस्ट
डॉ. निलिमा गोयल – डरमाटोलोजी

गुणवत्तापूर्ण उपचार न्यूनतम दरों पर!

RGHS और CGHS सभी योजनाओं में कैशलेस भुगतान उपलब्ध है।



एडवांस ब्रेनोस्कॉपी | कैथलेब मशीन | सीटी स्केन मशीन | डिलक्स वार्ड | आई.सी.यू. | एम.आर.आई. मशीन | ऑब्स एवं गायना | ऑपरेशन थियेटर | आर.टी.एम.एस. थैरेपी

## सुपरस्पेशियलिटी सुविधाएँ

- कार्डियक केयर सेन्टर
- न्यूरो सर्जरी
- नेफ्रोलोजी
- जनरल मेडिसिन
- टी.बी. चेस्ट एवं श्वास रोग
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- हड्डी एवं जोड़ रोग
- कैंसर सर्जरी
- यूरोलॉजी
- गेस्ट्रोएटरोलॉजी
- पीड्रियाट्रिक सर्जरी
- मनोरोग चिकित्सा
- नेत्र रोग
- पेन मैनेजमेन्ट क्लिनिक
- न्यूरोलॉजी
- प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी
- जनरल एवं लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी
- नाक, कान, गला रोग
- बाल चिकित्सा
- त्वचा एवं चर्म रोग
- दंत चिकित्सा

BECAUSE YOUR HEALTH MATTERS AT ANY AGE

जनरल स्पेशियलिटी सुविधाएँ

14.50 लाख से अधिक मरीजों का सफल उपचार | 800 बेडेड हॉस्पिटल | 18 बेडेड डायलिसिस युनिट | 16 ऑपरेशन थियेटर

आमजन हेतु उपलब्ध सरकारी सुविधाएं

आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना | ESI राज्य कर्मचारी बीमा के अन्तर्गत उपचार | राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम | राजस्थान एड्स कन्ट्रोल सोसायटी | परिवार नियोजन एवं जननी सुरक्षा योजना | डॉट्स टी.बी. एवं क्षय रोग

रोगियों के लिए निःशुल्क बस एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है: सम्पर्क करें: 9587890137

डायग्नोस्टिक: विश्वस्तरीय मशीनों द्वारा जांच व निदान, MRI (1.5 T), CT-Scan (128 Slice), CD4 Count की सुविधा उपलब्ध, अल्ट्रासाउण्ड, इको कॉर्डियोग्राम, एलर्जी टेस्ट (Phadia 100), Hb-Varie (HFCL), ADVLAXP (CLIA), TB-PCR (Gene Xpert), NABL द्वारा मान्यता प्राप्त VIROLOGY LAB

मोड्यूलर ऑपरेशन थियेटर • आई.सी.सी.यू. • आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • कोविड आई.सी.यू. • आइसोलेशन वार्ड • बर्न आई.सी.यू. • ब्लड बैंक

अम्बुआ रोड, उमरड़ा, उदयपुर-313015 (राज.) Phone: 0294-3510000

Email: info@pacificmedicalsciencs.ac.in
Web: www.pacificmedicalsciences.ac.in